प्रस्ताव
**20**

इस समय गैर-हिंसक माने जाने वाले कुछ अपराधों के लिए पैरोल को प्रतिबंधित करता है। वर्तमान में केवल छोटे अपराध माने जाने वाले कुछ अपराधों के लिए बड़े अपराध के दंड को अधिकृत करता है। पहल संबंधी कानून।

## ★ प्रस्ताव 20 के पक्ष में तर्क ★

"उसने चाकू से मुझ पर हमला किया और मुझे मारने की कोशिश की, "Terra Newell कहती हैं, जो एक मनोरोगी Dirty John द्वारा चाकू के हमले से बची थीं। "यह क्रूर और भयानक था- लेकिन California में, उसका हमला एक हिंसक अपराध नहीं है।"

California के कानून के तहत घातक हथियार से हमला करने को — डेट पर बलात्कार, यौन क्रिया के लिए बच्चों को बेचना, और अन्य 19 स्पष्ट रूप से हिंसक अपराधों के साथ-साथ एक "गैरहिंसक" अपराध के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

इस कानून के तहत सभी "गैरहिंसक" अपराध हैं।

प्रस्ताव 20 इसे ठीक करता है।

California में "गैरहिंसक" अपराधों में घरेलू हिंसा, बम से विस्फोट करना, लोगों को मारने या घायल करने के उद्देश्य से घर पर गोलियाँ चलाना, एक अचेतन व्यक्ति के साथ बलात्कार, और किसी बच्चे को इतनी बुरी तरह पीटना कि उसका परिणाम कोमा या मृत्यु हो सकता है, शामिल हैं।

यौन तस्कर आमतौर पर यौन क्रिया के लिए बेचने से पहले अपने पीड़ितों को मारते, बलात्कार करते हैं और उन्हें नशीली दवा देते हैं। लेकिन California में तस्करी "गैरहिंसक" अपराध है। यहां तक कि घृणा अपराधों को भी "गैरहिंसक" माना जाता है।

नतीजतन, यौन अपराधियों और बाल शोषाणकर्ताओं सहित इन 22 हिंसक अपराधों के दोषी हजारों अपराधी जल्दी ही जेल की रिहाई के लिए पात्र हैं, बिना अपने पूर्ण सज़ा के भुगते हुए, और बिना उनके पीड़ितों को चेतावनी दिए ही।

प्रस्ताव 20 कानून के तहत इन 22 हिंसक अपराधों को "हिंसक" बनाकर हिंसक अपराधियों और यौन हिंसकों की जल्द रिहाई को रोकता है, और आवश्यक बनाता है कि जब उनके हमलावरों को मुक्त कर दिया जाए तो पीड़ितों को सूचित किया जाए।

प्रस्ताव 20 का "पूर्ण सज़ा" प्रावधान केवल उन हिंसक कैदियों पर लागू होता है जो नस्ल या नैतिकता की परवाह किए बिना, सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं। यह नशीली दवा अपराधियों और छोटे-मोटे अपराधियों पर लागू नहीं होता है, और अधिक लोगों को जेल नहीं भेजता है।

"ये दावे कि प्रस्ताव 20 हमारे जेलों को हजारों नए कैदियों से भर देगा, झूठे हैं", डिप्टी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी संगठन की अध्यक्ष Michele Hanisee कहती हैं।

"यह किसी नये व्यक्ति को जेल नहीं भेजता है। यह सिर्फ हिंसक उल्लंघनकर्ताओं और यौन हिंसकों को अपनी पूरी सज़ा को पूरा करना आवश्यक बनाता है।"

यह पीड़ितों की रक्षा करता है और अपराधियों को परामर्श, क्रोध प्रबंधन और अन्य पुनर्वास कार्यक्रमों तक पहुंच प्रदान करता है।

"प्रस्ताव 20 बच्चों को शारीरिक शोषण और यौन शोषण से बचाता है," Klaas Kids Foundation के संस्थापक Marc Klaas कहते हैं। "बच्चों की तस्करी आखिरकार हिंसक अपराध के रूप में पहचानी जाएगी।"

प्रस्ताव 20 चोरी या ड्रग अपराधों के दोषी व्यक्तियों से डीएनए संग्रह की अनुमति देकर हिंसक अपराध के खिलाफ अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है, जैसा कई अध्ययनों से पता चलता है कि बलात्कार, डकैती और हत्या जैसे गंभीर और हिंसक अपराधों को सुलझाने में मदद करता है।

California ने 2014 में चोरी के लिए दंडों को घटा दिया था। तब से, बड़ी चोरियों में 25% की वृद्धि हुई है, जिसमें ग्रोसर्स, छोटे व्यवसाय के मालिक, खुदरा विक्रेता, घर के मालिकों और उपभोक्ताओं को बिलियनों डॉलर का नुकसान हुआ है। शॉपलिफ्टिंग अब इतनी आम हो गई है कि इसकी शायद ही कभी रिपोर्ट की जाती है।

प्रस्ताव 20 आदतन अपराधियों द्वारा—कार ब्रेक-इन्स, शॉपलिफ्टिंग, घर में चोरी और अन्य बड़ी चोरियों को रोकने में मदद करने के लिए लगातार चोरी के खिलाफ प्रतिबंधों को मजबूत करता है।

California में नशीली दवाओं की लत चोरी की इस समस्या में आग में घी डालने का काम कर रही है।  चोरी के खिलाफ प्रतिबंधों को मजबूत करके, प्रस्ताव 20 से नशेड़ियों (जो California की बेघर आबादी का 75% है) को सड़कों से हटाने और मादक द्रव्यों के सेवन से रोकने और मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में शामिल होने में मदद मिलती है, जिनकी उन्हें सख्त जरूरत है।

प्रस्ताव 20 पर "हां" में मतदान घृणा और हिंसा के विरुद्ध मतदान है।

यह बच्चों, पीड़ितों और बचे लोगों के लिए एक मतदान है।

यह समान न्याय और एक ज्यादा सुरक्षित California के लिए मतदान है।

**PATRICIA WENSKUNAS,** संस्थापक
Crime Survivors, Inc.

**NINA SALARNO BESSELMAN,** अध्यक्ष
Crime Victims United of California

**CHRISTINE WARD,** निदेशक
Crime Victims Alliance

## ★ प्रस्ताव 20 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 20 के लिए नहीं, यह जेल पर खर्च से संबंधित घोटाला है

हम अभियोजक हैं और हिंसक अपराधों से बचे हुए लोग हैं। प्रस्ताव 20 के समर्थक गलत है, सच्चाई यह है:

हिंसक अपराधों के लिए सज़ा देने के नियम स्पष्ट और सशक्त हैं

जो लोग हिंसक अपराध करते हैं, उन्हें गंभीर और लंबी सज़ा मिलती है, अक्सर उम्र कैद। प्रस्ताव 20 इसके बारे में नहीं है।

प्रस्ताव 20 हर साल करदाताओं के दसियों मिलियन डॉलर जेलों पर बर्बाद करता है

गैर-पक्षपातपूर्ण विधायी विश्लेषक कहते हैं, प्रस्ताव 20 से हर साल "दसियों मिलियन डॉलर" खर्च होंगे, जो निम्न के लिए भयावह कटौती करने को मजबूर कर सकते हैं:

- बाहर निकलने वाले लोगों के लिए जेल में पुनर्वास
- अपराध को दोहराने को कम करने के लिए सिद्ध मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम
- स्कूल, आवास और बेघरपन
- पीड़ितों के लिए समर्थन

प्रस्ताव 20 चरम है

प्रस्ताव 20 का मतलब है छोटी चोरी — बाइक चोरी करना — को एक गुंडागर्दी के रूप में अभियोजित किया जा सकता है। यह अन्य राज्यों के अनुरूप नहीं है और इसका मतलब है कि अधिक किशोरों और अश्वेतों, लातीनी और कम आय वाले लोगों को निम्न-स्तर, गैर-हिंसक अपराध के लिए वर्षों तक कैद में रखा जा सकता है।

प्रस्ताव 20 हमें पीछे की ओर ले जाता है

California वासियों ने बेकार जेल खर्च को कम करने के लिए भारी मात्रा में मतदान किया है। प्रस्ताव 20 उस प्रगति को वापस पलटा देता है। जेल की रिहाई से पहले लोगों का पुनर्वास करना सार्वजनिक सुरक्षा को बेहतर बनाने का सबसे प्रभावी तरीका है। प्रस्ताव 20 जो चीज़ काम करती है, उसके लिए वित्त पोषण को खत्म कर सकता है, और हमें और जेलों पर पैसा बर्बाद करना होगा जिनकी हमें ज़रूरत नहीं है।

कानून प्रवर्तन नेता, बजट विशेषज्ञ, आपराधिक न्याय सुधारक, अभियोजक और अपराध पीड़ित सभी इस जेल खर्च घोटाले का विरोध करते हैं।

*NoProp20.Vote*

**DIANA BECTON,** जिला अटॉर्नी
Contra Costa काउंटी

**RENEE WILLIAMS,** कार्यकारी निदेशक
National Center for Victims of Crime

**TINISCH HOLLINS,** California निदेशक
Crime Survivors for Safety and Justice

20



*इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों के निजी विचार हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनका सत्यापन नहीं किया गया है।*

## ★ प्रस्ताव 20 के विरुद्ध तर्क ★

जेल खर्च घोटाले को रोकें—प्रस्ताव 20 पर नहीं में मतदान करें!

California में पहले से ही लंबी सज़ाएँ और गंभीर और हिंसक अपराध के लिए सख्त सज़ा है। प्रस्ताव 20 के समर्थक जेलों पर आपके करदाता डॉलर के दसियों मिलियन डॉलर खर्च करने के लिए प्रभावी आपराधिक न्याय सुधारों को वापस लेने के लिए डराने की कोशिश कर रहे हैं।

भ्रमित न हों। हर साल, हजारों को लंबी सज़ाओं के साथ गुंडागर्दी का दोषी ठहराया जाता है। समस्या सज़ा नहीं है, समस्या यह है कि जेल में बंद लोगों को रिहाई के लिए तैयार करने के लिए क्या किया जाता है। प्रस्ताव 20 अपराधों को दोहराए जाने से रोकने के लिए सिद्ध रणनीतियों — मानसिक स्वास्थ्य उपचार एवं पुनर्वास कार्यक्रमों में कटौती कर सकता है। यह हमें कम सुरक्षित बना देगा।

अपराध पीड़ित, कानून प्रवर्तन नेताओं के साथ-साथ बजट और पुनर्वास विशेषज्ञ प्रस्ताव 20 का विरोध करते हैं क्योंकि यह पुनर्वास कार्यक्रमों और अपराध पीड़ितों के लिए समर्थन में कटौती करते हुए जेलों पर दसियों मिलियन डॉलर बर्बाद करता है। प्रस्ताव 20 एक जेल पर खर्च संबंधित घोटाला है जो हमें पीछे की ओर ले जाता है।

प्रस्ताव 20 आपके धन को जेलों पर बर्बाद करता है।

प्रस्ताव 20 हर साल करदाताओं के दसियों मिलियन डॉलर—आपका धन—जेलों पर खर्च कर देगा। California स्कूलों, स्वास्थ्य देखभाल और अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं में भारी कटौती का सामना कर रहा है। अभी जेलों पर दसियों मिलियन डॉलर खर्च करना एक बेकार का घोटाला है।

प्रस्ताव 20 बेघरपन, स्कूलों, मानसिक स्वास्थ्य और आवास की अनदेखी करता है।

हमें अपराध को संबोधित करने के लिए हमेशा अधिक करना चाहिए, लेकिन प्रस्ताव 20 चीजों को बदतर बना देगा। प्रस्ताव 20 जेलों पर आप करदाताओं के दसियों मिलियन डॉलर बर्बाद करता है, जो स्कूलों, बेघरों, मानसिक स्वास्थ्य उपचार और किफायती आवास पर बेहतर खर्च हो सकता है।

प्रस्ताव 20 चरम है।

प्रस्ताव 20 का मतलब है कि $250 से अधिक की चोरी को गुंडागर्दी के रूप में अभियोजित किया जा सकता है। यह चरम है, अन्य राज्यों के अनुरूप नहीं है और इसका मतलब है कि अधिक किशोरों और अश्वेतों, लातीनी और कम आय वाले लोगों को निम्न-स्तर, गैर-हिंसक अपराध के लिए वर्षों तक कैद में रखा जा सकता है।

प्रस्ताव 20 पुनर्वास के उपयोग को कम करता है—जो हमें कम सुरक्षित बनाता है।

दोहराए जाने वाले अपराध को कम करने के लिए पुनर्वास एक सिद्ध रणनीति है, ताकि लोग कानून का पालन करने वाले, उत्पादक, कर अदा करने वाले नागरिक बन पाएँ। प्रस्ताव 20 पुनर्वास में कटौती कर सकता है—जिसका अर्थ है कि कम लोग रिहा होने पर समाज में फिर से प्रवेश करने के लिए तैयार होंगे, जो सार्वजनिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाएगा।

प्रस्ताव 20 अपराध पीड़ितों के लिए अनिवार्य समर्थन को कम करता है।

जेलों पर जरूरत से ज्यादा खर्च करते हुए, प्रस्ताव 20 अपराध के पीड़ितों को आघात से उबरने में मदद करने के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता में कटौती कर देगा।

प्रस्ताव 20 हमें पीछे की ओर ले जाता है।

California ने प्रगति की है, बेकार जेल खर्च को कम करने के लिए मामूली सुधारों को लागू किया है, और पुनर्वास और अन्य विकल्पों का विस्तार किया है जो लागत को प्रभावी ढंग से कम करने और अपराध को रोकने में साबित हुए हैं। लोग अन्यायपूर्ण नीतियों को ठीक करने के लिए और अधिक बदलावों की मांग कर रहे हैं, जो असमान रूप से गरीब और अश्वेत लोगों को नुकसान पहुंचाती हैं। प्रस्ताव 20 हम लोगों द्वारा की गई प्रगति को निरस्त कर देगा और अतीत की विफल, बेकार और अन्यायपूर्ण नीतियों की ओर हमें पीछे ले जाएगा।

अपराध, व्यय और आपराधिक न्याय पर विशेषज्ञ इस बात से सहमत हैं।

प्रस्ताव 20 हमारे समुदायों को सुरक्षित नहीं बनाएगा। प्रस्ताव 20 आप करदाताओं के दसियों मिलियन डॉलर को जेलों पर बर्बाद कर देगा—जिससे लोगों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण सेवाओं में कटौती करनी पड़ेगी।

जेल के खर्च संबंधी घोटाले को रोकें। प्रस्ताव 20 पर नहीं में मतदान करें!

*NoProp20.vote*

#StopthePrisonSpendingScam

**TINISCH HOLLINS,** California निदेशक
Crime Survivors for Safety and Justice

**WILLIAM LANDSDOWNE,** पुलिस प्रमुख (सेवानिवृत)
San Diego शहर

**MICHAEL COHEN,** वित्त निदेशक (पूर्व)
California राज्य

## ★ प्रस्ताव 20 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

विरोधियों ने अनदेखी की है कि प्रस्ताव 20 वास्तव में क्या करता है—यह बाल शोषकों, यौन शिकारियों और अन्य हिंसक कैदियों को जेल से जल्दी रिहा होने को निषेध करता है।

वर्तमान कानून के तहत, ये कैदी अब जल्दी रिहाई के लिए योग्य हैं क्योंकि उनके हिंसक अपराधों को "अहिंसक" के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

प्रस्ताव 20 इन खामियों को दूर करता है, कानून के तहत डेट रेप, बाल तस्करी, जीवनसाथी की पिटाई और घातक हथियार से हमला जैसे अपराधों को "हिंसक" बनाता है।

"प्रस्ताव 20 किसी नये व्यक्ति को जेल नहीं भेजता है, " Criminal Justice Legal Foundation के अध्यक्ष Michael Rushford कहते हैं। "यह न तो नई जेलों के लिए धन आबंटित करता है, न ही मानसिक स्वास्थ्य और पुनर्वास कार्यक्रमों के लिए धन आबंटन में कटौती करता है। ये गलत तर्क हैं।"

विरोधियों का दावा है कि प्रस्ताव 20 एक छोटी चोरी को एक "गंभीर गुंडागर्दी" कहता है, और अपराधियों को "राज्य की जेल में वर्षों तक बंद रखा जा सकता है।"

दोनों दावे सही नहीं हैं।

पहल को पढ़ें। प्रस्ताव 20 विशेष रूप से आदतन चोरों को लक्षित करता है जो बार-बार चोरी करते हैं। और यह विशेष रूप से दोषी अपराधियों को राज्य जेल में भेजे जाने का निषेध करता है। उसकी जगह वे स्थानीय जेल या पुनर्वास कार्यक्रमों में भेजे जाएंगे।

केवल हिंसक अपराधियों और आदतन अपराधियों को लक्षित करके, प्रस्ताव 20 सभी California वासियों की रक्षा करता है, जिसमें अश्वेत लोग भी शामिल हैं, जिनके बारे में अध्ययन बताते हैं कि वे हिंसक अपराध से गैर-आनुपातिक मात्रा में पीड़ित होते हैं।

हम सभी अपनी न्याय प्रणाली में सुधार करना चाहते हैं। लेकिन हिंसक अपराधियों को जल्दी जेल से बाहर निकलने की अनुमति देना सुधार नहीं है। यह सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक खतरा है।

प्रस्ताव 20 वास्तविक सुधार है जो पीड़ितों की रक्षा करता है और समान न्याय को सुनिश्चित करता है।

प्रस्ताव 20 पर हां में मतदान करें।

**FRANK LEE,** अध्यक्ष
Organization for Justice and Equality

**ERIC R. NUÑEZ,** अध्यक्ष
California Police Chiefs Association

**PATRICIA WENSKUNAS,** संस्थापक
Crime Survivors, Inc.

*इस पृष्ठ पर मुद्रित तर्क लेखकों के निजी विचार हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा सटीकता के लिए इनका सत्यापन नहीं किया गया है।*